प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.07.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को किया गिरफ्तार, हजारीबाग से राजू सिंह और बोकारो निवासी पंकज बिहार के पटना से पकड़े गये।**
2. **केंद्र ने झारखंड समेत सभी राज्यों को पुलिस स्टेशनों में गवाहों से पूछताछ नहीं करने के दिये निर्देश, केन्द्रीय गृह सचिव ने सभी मुख्य सचिवों को लिखा पत्र।**
3. **भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, विधानसभा चुनाव में जीत का किया दावा।**
4. **मुहर्रम को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में कल निकलेगा जुलूस, सुरक्षा कड़ी, राजधानी में कल सुबह दस बजे से जुलूस समाप्ति तक निजी और यात्री वाहनों के परिचालन पर रोक।**

5. **राज्य में फिर धीमी पड़ी मानसून की रफ्तार, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक कहीं–कहीं हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान।**

****

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी पंकज को पटना से गिरफ्तार किया गया है। वह बोकारो जिले का निवासी है जिसपर हजारीबाग स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के केन्द्र से नीट–यूजी परीक्षा का पेपर चुराने का आरोप है। वहीं दूसरे व्यक्ति राजू सिंह को पेपर चुराने के आरोप में हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने अब तक हजारीबाग के एक स्कूल से प्रधानाचार्य और सह–प्रधानाचार्य सहित चौदह लोगों की गिरफ्तारी की है।

****

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि पुलिस स्टेशनों और पुलिस विभाग के नियंत्रण वाले स्थानों को गवाहों से पूछताछ के लिए निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत सभी पुलिस स्टेशनों को ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहों से पूछताछ के लिए एक निर्दिष्ट स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चार दिनों के दिल्ली प्रवास के बाद आज रांची लौट आये हैं। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की उनकी यात्रा काफी सफल रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संघीय ढांचा की व्यवस्था में एक दूसरे का सम्मान सर्वोपरि है।

****

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज कोडरमा के लोचनपुर स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर पौधे भी लगाए और बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी बताया।

****

भाजपा की ओर से आज राज्य के खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजिन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई की और विधानसभा चुनाव में जीत का संकल्प लिया।

****

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में आंतक रोधी अभियान में भारतीय सेना के चार बहादुर जवानों की शहादत पर दुख व्यक्त किया है। दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे श्री सरमा ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का माकूल जवाब देगी।

इस मौके पर राज्यसभा में भाजपा के सचेतक दीपक प्रकाश ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद घाटी में अमन और चैन का माहौल बना है जिसे पाकिस्तान पसंद नहीं कर रहा है। यही वजह है कि वह कायराना हमले कर रहा है।

****

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। केंद्रीय बजट 23 जुलाई को प्रस्तुत किया जाएगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को देश का आम बजट पेश करेंगी। इस बजट से झारखंड के लोगों को काफी अपेक्षाएं हैं। रांची में व्यापार जगत से जुड़े सुमित आनंद को उम्मीद है बजट में व्यापार जगत की बेहतरी के लिए भी सरकार कदम उठायेगी।

रांची के ही विनीत नंदन का कहना है कि सरकार को बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की घोषणा करनी चाहिए।

दीपक कुमार को उम्मीद है कि सरकार बजट में बेरोजगारी दूर करने पर जोर देगी। उन्होंने कहा कि इससे युवा वर्ग को राहत मिलेगी।

अश्विनी कुमार प्रसाद को भी बजट से काफी अपेक्षाएं हैं। उन्हें उम्मीद है कि विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाले लोन के नियमों को सरकार और लचीला बनायेगी।

****

देवघर जिले में श्रावणी मेला को लेकर तैयारी जोरों पर है।

****

मुहर्रम को लेकर कल राजधानी रांची समेत राज्यभर में जुलूस निकाला जायेगा। पूरे राज्य में इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। राजधानी में दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। यातायात एसपी ने कल सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया है।

****

राज्य में एक बार फिर मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गयी है। इससे किसान चिंतित हैं। मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून की रफ्तार 21 जुलाई तक धीमी ही रहेगी। इस दौरान कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं है। इन पांच दिनों में राज्य के अलग–अलग हिस्से में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।